# 1 गीगावॉट का डेटा सेंटर बनाएगा ग्रीनको ग्रुप

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ** : ग्रीनको ग्रुप उत्तर प्रदेश में एक गीगावॉट का डेटा सेंटर स्थापित करेगा। कंपनी ने नए निवेश के लिए मंगलवार को दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) में इन्वेस्ट यूपी के साथ MoU साइन किया। इस परियोजना के तहत कंपनी ग्रेटर नोएडा में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगी। यह परियोजना दो चरणों में विकसित की जाएगी।

डेटा सेंटर का पहला फेज 2028 में बनकर तैयार हो जाएगा। दूसरा फेज 2030 तक ऑपरेशनल होगा। कंपनी इस परियोजना में 25 अरब डॉलर का निवेश करेगी। क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को आईनॉक्स जीएफएल के साथ 2 गीगावॉट सौर ऊर्जा परियोजना और 3 गीगावॉट सौर मॉड्यूल निर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एमओयू साइन किया है। परियोजना में 10,500 करोड़ के प्रस्तावित निवेश संग 800-1000 लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा।

**डेटा सेंटर में लगाए जाएंगे 5 लाख हाई-परफॉर्मेंस चिपसेट्स** : इस मेगा डेटा सेंटर में 5 लाख अत्याधुनिक चिपसेट्स लगाए जाएंगे, जो हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी) और एआई आधारित सेवाओं को गति देंगे। यह डेटा सेंटर कार्बन मुक्त ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए भारतीय डिवेलपर्स को भी चिपसेट एक्सेस उपलब्ध करवाएगा।

**इन कंपनियों के साथ भी MoU**

न्यू जेनरेशन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए टीडब्ल्यूआई समूह के साथ 1,100 करोड़ का एमओयू किया। इसके अंतर्गत राज्य में भारत की पहली हाइब्रिड ईवी बाइक निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी, जिससे टेक्नॉलजी ट्रांसफर, रोजगार सृजन और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रोमेटेक के साथ भी एक MoU पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में निवेश संभावनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रोमेटेक ने लखनऊ में 500 करोड़ के निवेश से एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करेगी।



ग्रीनको ग्रुप ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में MoU साइन किया।

## अब तक इन कंपनियों से हुआ MoU

सेल इंडस्ट्रीज के साथ 8,000 करोड़ रुपये का वेस्ट-टु-एनर्जी प्रॉजेक्ट के लिए MoU साइन किया गया। सिफी टेक्नॉलजीज के साथ 1,600 करोड़ की लागत से एआई रेडी डेटा सेंटर और योमन के साथ 150 करोड़ के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और वेपन सिस्टम इंटीग्रेशन के लिए MoU हुआ।

**इन कंपनियों से मिला यूपी का प्रतिनिधिमंडल** : मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने बायर कंज्यूमर हेल्थ ग्रीनको, आरईसी लिमिटेड, रिलायसैट, कॉग्निजेंट और जुबिलेंट जैसी कंपनियों के साथ उत्तर प्रदेश में निवेश पर चर्चा की।